# माधव राष्ट्रीय उद्यान

[स्रोत: द हिंदू](#)

**मध्य प्रदेश (MP)** के **चंबल क्षेत्र** में स्थित **माधव राष्ट्रीय उद्यान को भारत का 58वाँ बाघ अभयारण्य** (MP का 9वाँ बाघ अभयारण्य) घोषित किया गया है। वर्तमान में इस अभयारण्य में 5 बाघ हैं।

## माधव राष्ट्रीय उद्यान

- **शिवपुरी ज़िले** में स्थित यह राष्ट्रीय उद्यान **ऊपरी** विंध्य पहाड़ियों का हिस्सा है और ऐतिहासिक रूप से मुगल सम्राटों व **ग्वालियर के महाराजाओं** का शिकार क्षेत्र रहा है।
- इसे वर्ष **1959 में** राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
- इस उद्यान में **झीलें, शुष्क पर्णपाती व काँटेदार वन** सहित समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र है, जहाँ बाघ, तेंदुआ, नीलगाय, चिंकारा, चौसिंगा और विभिन्न प्रकार के हिरण पाए जाते हैं।
- यह भारत के **32 प्रमुख बाघ कॉरिडोर** में शामिल है, इसे वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत **बाघ संरक्षण योजना** के माध्यम से संचालित किया जाता है।
- **वर्ष 2022 तक भारत में बाघों की अनुमानित संख्या 3167 से 3925 के बीच थी** , जो **वार्षिक 6.1% की दर से बढ़ रही है** , वर्तमान में भारत विश्व के **75% बाघों का निवास स्थल** है।




**और पढ़ें...** [प्रोजेक्ट टाइगर]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhav-national-park-2